तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि


बिलासपुर, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 मल्लखंभ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छग की बालक-बालिका टीम बनी चैंपियन



## खबर संक्षेप



### सांसद चिंतामणि महाराज ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से की सौजन्य भेंट

**अम्बिकापुर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किन्जारापुरम मोहन नायडू से सौजन्य भेंट कर दरिमा एयरपोर्ट से दिल्ली एवं कोलकाता के लिए हवाई सेवा प्रारंभ करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक पहल सरगुजा अंचल के विकास, पर्यटन और व्यापार को नई गति प्रदान करेगी। इस दौरान अंबिकापुर एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं के और विस्तार को लेकर भी चर्चा की। जिस पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि एयरपोर्ट के विकास और नई उड़ानों के लिए जो भी आवश्यक होगा, उसे प्राथमिकता के साथ करेंगे। सरगुजा अंचल को हवाई सेवा से जोड़ने की दिशा में मिल रहे इस सहयोग और सकारात्मक आश्वासन के लिए मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पानी भरे बाल्टी में गिरने से मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में पानी भरे बाल्टी में मासूम गिर गया जिससे पानी में सिर डूब जाने से मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम झिरमिटी निवासी दीपक तिर्की शहर के बिलासपुर चौक के समीप लक्ष्मीपुर में मोना तिवारी के यहां किराए के मकान में रहकर ढाबा में काम करता है। बीती रात लगभग 2.30 बजे ड्यूटी कर घर पहुंचा तो देखा 11 माह का पुत्र अंश तिर्की जगा हुआ था जिसे कुछ देर खिलाने के पश्चात दोनों के बीच में सुआ कर सो गया। तड़के पत्नी सुनीता उठी तो देखी बेटा बिस्तर में नहीं है। जिस पर कमरे में बेटा को ढूंढने लगी। इसी बीच जब बाल्टी के पास पहुंची तो उसके होश उड़ गए। बेटा का सिर पानी भरे बाल्टी के अंदर जबकि पैर ऊपर था। तत्काल बेटा को बाहर निकाल शोर मचाने लगी। पत्नी की आवास सून दीपक उठा और बेटा को अचेत देख पेट दबा कर पानी निकाला और तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शराब पीने के बाद चार दिन तक अचेत रहा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के बाद चार दिनों तक युवक अचेत रहा। परिजन युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बंशीपुर निवासी जतन शांडिल्य आ. राम किशुन (34 वर्ष) 27 मार्च की शाम ईट भट्ठा से काम कर घर आया और कुछ समय बाद पत्नी को घूमने जाने की बात कहकर चला गया। रात 10 बजे तक पति के घर नहीं आने पर जब पत्नी बाहर निकल कर देखी तो पति घर के सामने टहल रहा था जिस पर पत्नी कमरे में बच्चे के सो गई। इसी बीच पति कमरे में आया और शराब पीने के बाद बड़बड़ाते हुए सो गया। सुबह पत्नी उठाने लगी तो पति ने आराम करने की बात कही। शाम को जब पत्नी उठाने लगी तो पति कोई जवाब नहीं दिया। जिस पर पत्नी ने पड़ोसियों को बुलाया और पति को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। दो दिन बाद भी जब पति को होश नहीं आया तो शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# तेंदुए की दो खाल के साथ पकड़ा गया अन्तर्राज्यीय तस्करों का गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/वाड्रफनगर

वन विभाग व वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम ने क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय तस्करों के गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। टीम ने आरोपियों के पास से दो तेंदुआ खाल भी बरामद किया है। आरोपी तेंदुआ खाल की तस्करी करने के लिए जा रहे थे, अब तक यह नहीं पता चल सका है कि तस्करों ने इन तेंदुओं

शिकार कब और कहां किया गया। इस गिरोह में अन्य लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि वन्य जीवो के खिलाफ होने वाले अपराध की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के बीच बलरामपुर जिले में मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग तेंदुआ खाल की तस्करी के लिए यूपी, झारखण्ड से आए हुए है। सूचना के बाद वन्य जीवन अपराध नियंत्रण ब्यूरो मध्य क्षेत्र भोपाल, राज्य उड़न दस्ता दल व वन मंडल बलरामपुर की संयुक्त टीम 2 अप्रैल को क्षेत्र में गस्त पर निकली थी। इस दौरान संयुक्त टीम को बसतंतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमई में दो व्यक्ति बाइक से बैग लेकर आते हुए नजर आए। ऐसे में वन विभाग की टीम ने लोगों को रोककर उनसे पूछताछ की तो सही जवाब नहीं दे पाए। टीम ने उनके पास मौजूद बैग की तलाशी ली तो उसमें से एक नग तेंदुआ का खाल बरामद हुआ। आरोपी खाल की तस्करी करने आए हुए थे। ऐसे में टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर अन्य तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम टीम ने घेराबंदी कर 7 अन्य लोगों को भी पकड़ा। टीम ने उनके पास से भी एक नग खाल बरामद किया है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई में 9 लोगों से कुल 2 नग तेंदुआ का खाल बरामद किया है और दोनों तेंदुआ पूर्ण रूप से वयस्क थे। बड़ी बात यह है कि अब तक इस बात का पता नहीं चल सका है कि इन तेंदुओं का शिकार छत्तीसगढ़ में किया गया है या किसी अन्य राज्य में। इस गिरोह में अन्य लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है।

### यूपी, झारखण्ड के साथ ही रमकोला क्षेत्र से 9 आरोपी गिरफ्तार, पूर्ण वयस्क थे दोनों तेन्दुआ

#### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

वन विभाग की संयुक्त टीम ने तेंदुआ खाल तस्करी के मामले में झारखण्ड, उत्तरप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें झारखंड गढ़वा धुरकी निवासी 38 वर्षीय जगबीर सिंह आ. स्व. शिव प्रसाद गोंड़, 25 वर्षीय तेजबली प्रताप सिंह आ. जगबीर गोंड़, सूरजपुर रमकोला बेदमी निवासी 49 वर्षीय श्यामसुन्दर आ. स्व. सुकुल खैरवार, 24 वर्षीय शिवधन आ. श्यामसुन्दर खैरवार, 52 वर्षीय रामतरास आ. बिगन हरिजन, 18 वर्षीय राहुल आ. रामतरास हरिजन, यूपी सोनभद्र अन्नपारा ग्राम रणहोर निवासी 24 वर्षीय राम प्रसाद आ. देवराज खैरवार, सोनभद्र बीजपुर चेतवा निवासी 40 वर्षीय उमेश कुमार आ. स्व. कैलाश प्रसाद कहार व बलरामपुर रघुनाथनगर सरना निवासी 36 वर्षीय गोरेलाल बोध आ. चरकू ⏭ शेष पेज 4 पर



#### चल रही है जांच

संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर तेंदुआ खाल के साथ कुल 9 लोगों को पकड़ा है। तस्कर खाल लेकर बिक्री के लिए आए थे जिसके बाद ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपियों में यूपी और झारखंड के तस्कर भी शामिल है। फिलहाल पता लगाया जा रहा है कि तेंदुओं का शिकार कहां किया गया। इस मामले में एंड टू एंड कार्रवाई की जाएगी।

-**आलोक कुमार वाजपेयी**, डीएफओ बलरामपुर

### चिलम चौक के समीप मछली दुकान की झोपड़ी में मिली लाश

# महिला के साथ दुष्कर्म के बाद बेरहमी से सिर कुचलकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चिलम चौक के समीप एक महिला की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। रिंग रोड किनारे झोपड़ीनुमा मछली दुकान में महिला की लाश मि ली। प्रारंभिक जांच में महिला के प्राइवेट पार्ट में प्लास्टिक की बोतल मिली है और उसका सिर पत्थर पर कुचला हुआ था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला से दुष्कर्म के बाद विवाद में उसकी हत्या की गई। बड़ी बात यह है कि इस विभत्स घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसके आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश करने के साथ ही महिला की पहचान कर रही है।

**खास बात**

- जांच में जुटी पुलिस, प्राइवेट पार्ट में मिली प्लास्टिक बोतल

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह शहर के चिलम चौक के समीप फिश प्वाइंट के समीप झोपड़ीनुमा मछली दुकान में लोगों ने एक महिला की लाश देखी थी। स्थानीय लोगों ने लाश की सूचना पूर्व पार्षद सतीश बारी को दी जिसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना से अवगत कराया। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर बिखरे खून और लाश को देखकर पुलिसकर्मी भी हैरत में पड़ गए। महिला की बेरहमी से हत्या की गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के साथ ही फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि महिला के गले पर कटने के निशान है और उसके चेहरे को पत्थर पर पटक पटककर कुचला गया है। इतना ही नहीं महिला के प्राइवेट पार्ट में प्लास्टिक की बोतल मिली है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की गई है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिसव एफएसएल टीम।

#### घुमंतू महिला की नहीं हुई पहचान

बताया जा रहा है कि मृतिका एक घुमंतू महिला थी और महामाया मंदिर व आस पास के क्षेत्र में घुमती रहती थी। महिला का चेहरा पत्थर पर कुचला हुआ था जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए मर्च्युरी में भेजने के साथ ही उसकी शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे है। महिला की उम्र 40 से 42 के बीच बताई जा रही है। अधिकारी महिला की पहचान होने और पीएम रिपोर्ट सामने आने के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है।

#### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

महिला की हत्या के मामले में अब तक सीसीटीवी फुटेज सामने आए है। एक सीसीटीवी कैमरे में महिला किसी युवक के साथ घटना स्थल की ओर जाती हुई नजर आ रही है। वहीं पुलिस के मुताबिक मौके पर एक अन्य सीसीटीवी कैमरे में हत्या की घटना भी कैद हुई है। इसमें एक दुकान में आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है और उसके बाद किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट करते हुए आरोपी उसे तीसरे दुकान में ले गया और पत्थर पर सिर पटक कर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सूरजपुर से स्नीफर डॉग को बुलाया था लेकिन स्नीफर डॉग भी घटना स्थल से आगे तालाब के पास जाकर रुक गया।

#### चल रही है जांच

प्रथम दृष्टया महिला की हत्या की गई है। मृतिका का पीएम कराया गया है और रिपोर्ट का इन्तजार किया जा रहा है इसके साथ ही उसकी पहचान के लिए भी प्रयास किए जा रहे है। आरोपी और महिला सीसीटीवी में नजर आए है। आरोपी की पहचान की जा रही है और मामले की जांच फिलहाल जारी है।

-**अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी

# सरगुजा के पर्यटन स्थान टाइगर मेहता प्वाइंट में 14 हाथियों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के मैनपाट में इन दिनों 14 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है। हाथी पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट और मेहता प्वाइंट के समीप मौजूद है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। फिलहाल हाथी क्षेत्र के जंगल में डेरा जमाए हुए है। वन विभाग भी हाथियों की निगरानी कर रहा है और लोगों को जंगल नहीं जाने व हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने की सलाह दी जा रही है। वहीं हाथियों की मौजूदगी का असर पर्यटकों पर भी पड़ा है।

- नर्मदापुर क्षेत्र में 12 हाथियों का दल, वन विभाग कर रहा निगरानी

बता दें कि मैनपाट क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी लम्बे समय से बनी हुई है। पहले से क्षेत्र में तीन हाथी रायगढ़ के कापू रेंज में मौजूद थे और लगातार सीमावर्ती मेहता प्वाइंट की ओर मूवमेंट कर रहे थे वहीं अब 11 हाथियों का एक अतिरिक्त दल क्षेत्र में पहुंचा है जिसके बाद मैनपाट क्षेत्र में हाथियों की संख्या 14 हो गई है। बताया जा रहा है कि इनमें से 12 हाथी मैनपाट के सबसे प्रसिद्द पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के समीप मौजूद है। हाथियों को बीती रात नर्मदापुर के समीप सीतापुर जाने वाले मार्ग पर माटी घाट के पास देखा गया था वहीं 2 हाथी मेहता प्वाइंट में मौजूद थे। हाथी कभी सरगुजा तो कभी रायगढ़ रेंज की ओर मूवमेंट कर रहे है। एक साथ 14 हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों के मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग फिलहाल अलर्ट है और उनके मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। हाथियों ने अब तक कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन संभावित क्षेत्र में हाथियों के जाने के मद्देनजर बस्तियों रहने वाले पहाड़ी कोरवा, आदिवासी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इसके साथ ही लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने, हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने की समझाइश दी जा रही है लेकिन हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है। इतना ही नहीं प्रमुख पर्यटन स्थल में हाथियों के मूवमेंट के कारण पर्यटकों की संख्या में भी कमी आई है।



#### रख रहे है निगरानी

मैनपाट क्षेत्र में 14 हाथी मौजूद है। इनमें से 12 हाथी नर्मदापुर बीट व 2 मेहता प्वाइंट के समीप मौजूद है। टीम लगातार हाथियों पर निगरानी रख रही है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। अब तक हाथियों से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

-**अभिषेक जोगावत**, डीएफओ

# बस सेवा ठप, आंदोलन की चेतावनी

**चरचा कॉलरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा माइंस आरओ में कार्यरत कामगारों के लिए बस सेवा बंद होने का मामला अब गंभीर विवाद का रूप ले चुका है।

चरचा ईस्ट कटगोड़ी सॉफ्ट में ड्यूटी करने वाले श्रमिकों को कार्यस्थल तक पहुंचाने वाली बस के अचानक बंद हो जाने से जहां पहले से ही परेशानी बनी हुई थी, वहीं अब इस पूरे मामले में प्रशासनिक लापरवाही के आरोप भी सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार खान प्रबंधक की ओर से बस सेवा को लेकर एक पत्र जारी किया गया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि उस पत्र पर खान प्रबंधक के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। इस बिना हस्ताक्षर वाले पत्र के आधार पर बस संचालक द्वारा सेवा शुरू नहीं की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कामगारों का कहना है कि यह न केवल लापरवाही है, बल्कि उनकी सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है।




# तीन महीने में पुलिस ने 7970 लोगों पर कार्रवाई कर लगाया 29 लाख का जुर्माना

**बलरामपुर।** जिले में पुलिस विभाग ने सदस्क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस व यातयात विभाग की टीम ने टीम महीने के सघन जांच अभियान में पांच सौ से अधिक शराबी चालकों पर कार्रवाई की है। टीम ने बाइक, कार, दो पहिया वाहनों के साथ ही बस ट्रक चालकों की जांच कर चलानी कार्रवाई की गई। बता दें कि आईजी दीपक झा ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। ऐसे में एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर जिले में एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस व यातायात विभाग ने अभियान चलाया। इस अभियान के तहत प्रथम तिमाही में जनवरी से मार्च तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 537 प्रकरण, बिना हेलमेट पर 2023 प्रकरण व बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 1659 प्रकरण समेत कुल 7970 प्रकरण में कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर 29 लाख 89 हजार 900 रूपए का जुर्माना लगाया। एसपी श्री बैंकर ने लोगों से आह्वान किया है कि दोपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, नाबालिक को वाहन न चलाने दे, बिना लायसेंस वाहन न चलाये, नषे की हालत में वाहन न चलावे, सीट बेल्ट का उपयोग करें। बिना हेलमेट वाहन न चलावे, तेज रफ्तार से वाहन न चलाये। क्षमता से अधिक सवारी/माल न ढोना एवं वाहन संबंधी सभी प्रकार के दस्तावेजों को हमेशा वाहन के साथ रखे।

- शराब पीकर वाहन चलते पकड़े गए 537



# कन्हर नदी में जहरीला पदार्थ डालने से मछलियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर को पानी आपूर्ति करने वाले जीवन दायनी कनहर नदी में कथित रूप से जहरीला पदार्थ डाले जाने का मामला सामने आया है। जहरीले पदार्थ के कारण नदी के एनीकट में मौजूद बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। नगर पालिका प्रबंधन की ओर से इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई है लेकिन अब तक पानी में जहरीला पदार्थ डालने वालों का पता नहीं चल सका है।

- प्रशासन ने मृत मछलियां खाने से बचने किया आह्वान, पुलिस से भी शिकायत

बता दे कि नगर वासियों को पानी की आपूर्ति कनहर नदी से की जाती है। क्षेत्रवासियों को नियमित रूप से पानी सप्लाई देने के उद्देश्य से ही इस नदी पर एनीकट का निर्माण कराया गया है ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी के किल्लत से जूझना नहीं पड़े। इसके साथ ही इस एनीकट में बड़ी संख्या में मछलियां मौजूद है। बताया जा रहा है कि नियमित रूप से पानी सप्लाई करने वाले कनहर नदी में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहरीला पदार्थ डाल दिया गया है। इस बात का खुलासा एनीकट क्षेत्र में मौजूद मछलियों की मौत से हुआ। शुक्रवार सुबह एनीकट क्षेत्र में मृत मछलियों का ढेर देखा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और मछलियों को एकत्र करने का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। संभावना है कि मछली मारने के लिए ही जहरीला पदार्थ डाला गया है लेकिन इस पानी का उपयोग नगर वासी भी करते है ऐसे में जलस्त्रोत ⏭ शेष पेज 4 पर

### महागिरजाघर में क्रूस रास्ता के साथ ही हुए अन्य धार्मिक अनुष्ठान

# मसीही समाज ने भक्तिभाव से मनाया गुड फ्राइडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मसीही समाज द्वारा पवित्र शुक्रवार का पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। गुड फ्राइडे के अवसर पर महागिरजाघर में क्रूस रास्ता के साथ ही अन्य धार्मिक अनुष्ठान परम्परागत ढंग से संपन्न कराए गए। इस दौरान समाज के लोग भक्ति अराधना में लीन रहे। गुड फ्राइडे के धार्मिक अनुष्ठान में हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

बता दें की मसीही समाज पवित्र सप्ताह गुडफ्राइडे के दिन यीशु को क्रुसित कर सूली पर चढ़ाये जाने के दिन को याद कर भक्ति आराधना में लीन हैं। गुडफ्राइडे के अवसर पर नवापारा स्थित महागिरजाघर में परम्परागत ढंग से विविध धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। पवित्र शुक्रवार के दिन नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरजाघर में बिशप अंतोनिस बड़ा व पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर की अगुवाई में समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। आज के दिन ही राजा पिलातयूस ने प्रभु यीशु को मृत्यु दण्ड की सजा सुनाकर यीशु के ही कंधे पर क्रूस लादकर उन्हें कलवारी पहाड़ ले जाने का आदेश दिया था और उन्हें सूली पर चढ़ा दिया गया था। प्रभु यीशु ने जिस तरह दुखभोग किया उन्ही पलों को याद कर दोपहर 2 बजे से क्रूस रास्ता कार्यक्रम शुरू हुआ। क्रूस रास्ता का संचालन गांधीनगर के नेतृत्व में पारा टोलों के लोगों द्वारा किया गया। इसके पश्चात बिशप ने पवित्र शुक्रवार विशेष धर्मविधि के अनुष्ठानों को सम्पन्न कराते हुए कहा कि आज का दिन यीशु के बलिदान का दिन है वास्तव में क्रूस दोषी पापी को सजा नही क्षमा करने का संदेश देता है। क्रूस हमारे जीवन के असली प्रेम का भी प्रतीक है। चंद रुपयों के लेन देन को लोग अहसान स्वरूप समझते हैं लेकिन यीशु ने तो अपना शरीर व रक्त भी हमें समर्पित कर हमारी मुक्ति के रास्ते खोल दिए। इस दौरान पवित्र बाइबिल से दो पाठ का वाचन संत अन्ना सिस्टर्स बिरनिबेड़ा के द्वारा किया गया। प्रभु येशु के दुखभोग कथा का वाचन सेंट जेवियर फादर्स ने कर उन पलों का स्मरण किया। बीच बीच मे भक्तिमय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति संत अन्ना सिस्टर्स बिरनी बेड़ा की टीम ने भक्तों के बीच माहौल को दुखभोगमय बना रही थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।




Rera Registration No.
PCGRERA050625001938
Aasma
जिस पर विश्वास एक परंपरा है।
अपने परिवार को नई रजिस्ट्री दरों का तोहफा देकर
अपने परिवार को दें एक ऐसा आसमां
जो दिल को भी भाए और जीवन को भी सजाए।
RERA APPROVED
1600 परिवारों का अटूट भरोसा
प्लाट की क़ीमत
14 लाख से 50 लाख तक
घर की क़ीमत
19.5 लाख से शुरू
AASMA BUILDERS & COLONISERS LTD.
Aasma City, Near Jain International School,
Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
For More Details Contact
+91 9984999855
+91 9981620000
+91 9755855116
For more information scan this QR code
J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### सिलफिली में निशान यात्रा के साथ गूंजा खाटू श्याम बाबा का नाम


**बिश्रामपुर।** ग्राम सिलफिली में श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली के तत्वाधान में निशान यात्रा के साथ खाटू श्याम बाबा का विशाल संकीर्तन आयोजित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को आयोजन समिति द्वारा भक्तों के साथ निशान यात्रा निकाला गया। निशान यात्रा श्री राधा गोविंद मंदिर से हाई स्कूल मैदान कार्यक्रम स्थल तक पहुंची।जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में रंग-बिरंगे ध्वज लिए गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए।इस दौरान महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी भक्ति में लीन नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### ग्रामीण पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बकरी के आंगन में घूस कर टमाटर खाने से नाराज ग्रामीण ने बकरी मालिक पर टांगी से जान लेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम केदमा पेंडरखी निवासी दिलेश्वर रजक 16 फरवरी को बकरी चराने गया था। इसी दौरान एक बकरी शोभनाथ के आंगन में घुसकर टमाटर की फसल को खा लिया। टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचाने से शोभनाथ आक्रोशित हो गया और दिलेश्वर रजक से गाली-गलौज करते हुए अपने पास रखे टांगी से उस पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दिलेश्वर घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया। इधर पुलिस ने जब पीड़ित का सीटी स्कैन कराया और गंभीर चोट पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109 जोड़ने के साथ तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी शोभनाथ आ. सोमार साय ( 53 वर्ष) ने टांगी से हमला करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## 5 दिवसीय आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

# श्री मारुतिनंदन मंदिर में मना हनुमान जन्मोत्सव व स्थापना दिवस



कथा वाचन करते कथावाचक।



झूमते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- विधि विधान से हुइ पूजा अर्चना

शहर के गांधीनगर स्थित मारुतिनंदन मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव और मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस दौरान चित्रकूट से आए आचार्यों ने हवन पूजन के साथ यज्ञ कराया। स्थापना दिवस और हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। इसके साथ ही समिति द्वरा भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें 3 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बता दें कि श्री हनुमत सेवा समिति गांधीनगर द्वारा अष्टधातु निर्मित श्री हनुमत लला के सोलहवें स्थापना दिवस पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा इस उत्सव के दौरान पंचदिवसीय श्री मारुतिनंदन ज्ञान यज्ञ एवं श्री रामकथा का आयोजन 29 मार्च से 2 अप्रैल तक किया गया जिसमें चित्रकूट से आए यज्ञचार्यों द्वारा प्रतिदिन विधिवत यज्ञ-वेदी पूजन एवं हवन कराया गया। इसके अलावा श्रद्धालु भक्तजनों ने सुप्रसिद्ध कथावाचक दीपू भाई महाराज ने कथा वाचन किया। व्यासपीठ से महाराज ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों की संगीतमय वाचन किया जिसे सुनकर नगरवासी आत्मविभोर हुए और खूब झूमे। आयोजन के प्रथम दिवस कलश यात्रा, यज्ञ वेदी पूजन, स्थापना एवं हवन के साथ शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में पूरे पांच दिन तक सैकड़ों भक्तजनों ने प्रतिदिन कथा श्रवण कर पुण्यलाभ लिया। श्री हनुमत लला के जन्मोत्सव में हर्षोल्लास के साथ हनुमान जी का पूजन, अभिषेक, श्रृंगार और महिलाओं द्वारा मनमोहक सोहर गीत गाकर मनाया गया। इसके उपरांत हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं महाधवज स्थापित किया गया। हनुमत सेवा समिति द्वारा यज्ञ पूर्णाहुति के बाद ढलती शाम से देर रात तक आयोजित महाभण्डारा में 3000 से अधिक लोगों ने महाभोग प्रसाद एवं चरणामृत ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड पार्षद विपिन पांडेय ने विशेष योगदान दिया। इसके साथ ही प्रतिदिन की व्यवस्था बनाने में श्री हनुमत सेवा समिति के सदस्यों एवं नगर के गणमान्य नागरिक, मातृशक्तियों एवं युवा साथियों की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### दक्षिण मुखी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**करवां।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दक्षिण मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर, करवां में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर में पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर समिति द्वारा विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। जय श्री राम मानस मंडली करवां द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया, जिसमें महिला एवं पुरुषों ने मिलकर भक्ति भाव से स्तुति की, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान पंडित सुशांत दुबे के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न कराया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सिद्धिविनायक नवयुवक गणेश पूजन समिति के सदस्यों द्वारा हनुमान मंदिर से लेकर पड़की पारा स्कूल ग्राउंड तक भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के समापन स्थल पर दशरथ सिंह, टिकेश राजवाड़े एवं रामू राजवाड़े की टीम द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सभी ने भक्ति भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए लटोरी चौकी पुलिस टीम हर चौक-चौराहे पर मुस्तैद रही। इस दौरान दिनेश सिंघल, अमर साय राजवाड़े, सत्यनारायण सिंघल, नंदकिशोर कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, दुर्गा साहू नरेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुशील कुशवाहा, नीरज कुशवाहा, किशन कुशवाहा, संजोग कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, वैभव कुशवाहा आयुष, नितिन, राज, निशांत, नितेश ,विकास, आदित्य गुप्ता, माखन कुशवाहा, सुबंश राजवाड़े, होल साय देवांगन एवं समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



### हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति में डूबा नगर

**प्रतापपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के प्राचीन पक्की तालाब स्थित हनुमान मंदिर एवं सूर्य मंदिर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का केंद्र बना रहा। पूरे दिन और देर रात तक चले भव्य धार्मिक आयोजन ने भक्तिमय कर दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां हजारों की संख्या में भक्तों ने संकट मोचन बजरंगबली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था। भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर भगवान हनुमान से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर में रामायण पाठ एवं सुंदरकांड का सामूहिक आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से लीन नजर आए। इस वर्ष का आयोजन और भी खास रहा, पहली बार बड़े स्तर पर जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की भजन गायिका बबीता विश्वास और प्रदीप विश्वास पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने भजनों की अमृत वर्षा से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय भजन गायक राजेश गुप्ता ने भी अपने जस गीतों के माध्यम से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बजरंगबली की भव्य झांकी रही, जिसमें भगवान हनुमान के विभिन्न स्वरूपों के साथ अन्य देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह शामिल हुईं। उन्होंने विधि-विधान से भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात वे जगराता कार्यक्रम में भी शामिल हुईं और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आस्था, विश्वास और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं और धार्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान समर कश्यप, संदीप रजक, राजेश कश्यप, भरत सोनी, राजेश गुप्ता, मुकेश तायल, अजीत शरण सिंह, धीरज गुप्ता, अंकुर जायसवाल, प्रफुल्ल गुप्ता, पप्पल जायसवाल, मानती योगेंद्र सिंह, सुखमनिया आयाम, विक्रम नामदेव, अमन मित्तल, संजीत जायसवाल, शुभम कश्यप, विक्रम सिंह, मंदिर पुजारी दीपक दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### हिंदू युवा मंच ने हनुमान जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

**शंकरगढ़।** हिंदू युवा मंच के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं का उत्साह के साथ शामिल हुए जिससे नगर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हिंदू युवा मंच के जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव ने किया। साथ ही जिला प्रचार-प्रसार मंत्री सूर्या पाण्डेय एवं मुख्य कार्यकर्ता अजीत यादव की सक्रिय रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बृजेश यादव, नीरज कश्यप, अनुरंजन यादव, योगेश यादव, शुभम यादव, रितिक कश्यप, आयुष सिंह, संस्कार सिंह, आशीष यादव, अभिषेक यादव, नीरज यादव, दयाशंकर यादव, मनीष यादव, लक्ष्मण नायक, प्रदीप कुमार, उदय यादव, उमाशंकर यादव एवं दक्ष अग्रवाल सहित हिंदू युवा मंच के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण कार्यों के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



बैठक को संबोधित करते कलेक्टर।

कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण कार्य विभागों की मासिक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें कन्या एवं बालक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने छात्रावास में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान करने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित सड़कों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। सेतु निर्माण विभाग से जिले में निर्मित पुलों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी पुलों की समय-समय पर जांच एवं आवश्यक अनुरक्षण सुनिश्चित करने के साथ ही जिले के जिन पुलों की स्थिति जर्जर है वहां शीघ्र अति शीघ्र नए पुल निर्माण के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क मरम्मत, सड़क चौड़ीकरण, स्कूल भवन, बाउंड्री वॉल एवं छात्रावास निर्माण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करने तथा नए सड़कों के निर्माण के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत कार्य प्रगति की जानकारी ली और होने वाले नवीन निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्युत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार विद्युतीकरण कर किसानों को लाभ पहुंचाने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें ताकि लोगों को इन कार्यों का शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना,राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण विभाग, छग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन, हाउसिंग बोर्ड, विद्युत विभाग एवं यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे।

# सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा



शक्तिनगर श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती केअवसर पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजा भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान अखंड रामचरितमानस पाठ, अभिषेक एवं विशेष पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रात्रि 8 बजे से आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की। प्रसिद्ध गीत एवं ग़ज़ल गायिका गायत्री पांडे ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देशभर से आए ख्यातिलब्ध कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। राष्ट्रीय मंच संचालक नरेंद्र मिश्र ने अपनी गीत-ग़ज़लों से समां बांधा, वहीं अशोक शर्मा ने ग़ज़लों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीएल मिश्रा की ग़ज़लों को भी भरपूर सराहना मिली। राजेंद्र तिवारी ने चांद और मुक्तकों के माध्यम से वातावरण को काव्यमय बना दिया, जबकि राजेंद्र तिवारी ने हास्य-व्यंग्य से लोगों को खूब गुदगुदाया। दीपक दुबे ने ओजपूर्ण कविताओं से श्रोताओं में जोश भरा। गायत्री पांडे ने समसामयिक विषयों पर गीत-ग़ज़लों के जरिए प्रस्तुति दी। प्रीति मिश्रा और किशोर पाटिल ने भी अपने विचारोत्तेजक रचनाओं से तालियां बटोरीं। जगन्नाथ पांडे ने छंद और मुक्तकों से श्रोताओं का मन मोह लिया। रघुवीर ने सरगुजिहा भाषा में हास्य रस प्रस्तुत कर सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। बैकुंठपुर के शशिधर मिश्रा की प्रस्तुतियों को भी खूब सराहा गया। कवि सम्मेलन देर रात 1 बजे तक चलता रहा, जहां श्रोता हंसी, तालियों और काव्य रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में राजभाषा अधिकारी अरुण सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों और उपस्थित का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर आनंद मोहन मिश्रा, सुरबली सिंह, सतीश तिवारी, सुनील श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे। अखंड रामचरितमानस पाठ में जगदीश साहू, राजकुमार पटेल, दिलीप द्विवेदी, रामकिंकर मिश्रा, संजीव चौधरी, संतलाल, हीरा पटेल एवं सत्यवान ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस दौरान समिति के राम सुभाष तिवारी, कौशलेंद्र, शिवराम सिंह, विपिन बिहारी मिश्रा, अरुण पटेल, राम केश्वर, सुपारी लाल, जगदीश साहू, नटरू, हरीश शुक्ला, अमन, मिलन, आकाश, गोलू तिवारी सहित सभी सदस्यों मौजूद रहे।

**न्यायालयः- कु.हिमांशी सर्राफ चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला -सूरजपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

प्रोसेस क्रमांक – 33/26
व्य.प्र.क्र. - 06ए/2026
पेशी दिनांक- 30/04/2026

सुरेन्द्र कुमार देवांगन
प्रति
जिला शिक्षा अधिकारी वगैरह

प्रति,
1. आम जनता ग्राम-जयनगर, थाना-जयनगर, तहसील- सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय के व्यवहार प्रकरण क्रमांक 06ए/2026 सुरेन्द्र कुमार देवांगन प्रति जिला शिक्षा अधिकारी वगैरह में आप प्रतिवादी/अनावेदक है। आपको ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि कक्षा 1ली कक्षा से 4थीं तक दाखिल खारिज में वादी का नाम सुरेन्द्र कुमार देवांगन पिता शिव पूरन देवांगन है जो कि सही है। तथा कक्षा 5वीं में वादी के पिता का नाम त्रुटिवश एस.एम. देवांगन अंकित कर दिया गया है, जबकि वादी के पिता का सही नाम शिव पुरन देवांगन है, अतः जिसे सुधारकर शिव कुमार देवांगन कराने हेतु दावा प्रस्तुत है।

यदि आम जनता को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30/04/2026 को आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। यदि उक्त दिवस को अवकाश घोषित हो तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

आज दिनांक 25/03/26 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**कु.हिमांशी सर्राफ**
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीशकनिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)




## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल



**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 05 अप्रैल 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, मनोचिकित्सक (मनोरोग) रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी. कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.के.एस.भाटिया, ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ.निशांत कुमार साहू संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भैयाथान जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम - प.ह.न.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामऔतार पाटिल पिता देवनंदन पाटिल जाति चमार निवासी ग्राम लखनपुर प.ह.न.... रा.नि.म. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूजरपुर छ.ग. द्वारा पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र कस पाटिल का जन्म/मृत्यु दिनांक 13-3-2009 को ग्राम लखनपुर में हुई है अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजियन नहीं करा पाया है आवेदक अपने पुत्र कस पाटिल का जन्म/मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत लखनपुर को आदेषित करने आवेदन पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 6/4/26 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार किया जावेगा।

आज दिनांक 23/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
भैयाथान
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)


























## खबर संक्षेप

### साइड देने के चक्कर में पलटी कार, महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सरमाना निवासी बलधनी बाई पति जुगुन बिहारी (58 वर्ष ) दोपहर बेटा तिलेश्वर, बहू व चार वर्षीय पोता के साथ इलाज करने शहर आ रहे थे। जैसे ही कार सवार लुचकी घाट मंदिर के समीप पहुंचे तभी कार चला रहे तिलेश्वर ने विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को साइड देने लगा। इसी बीच कार का पहिया सड़क किनारे पत्थर पर चढ़ जाने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट कई। कार पलटने से बलधनी बाई गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि सवार अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ समय बाद घायल बलधनी बाई की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शटर का ताला तोड़ चोरों ने दुकान से पार किया नगदी व सामान

**अम्बिकापुर।** रजत गोयल ने कोतवाली में शिकायत किया है 1 अप्रैल की रात दुकान बंद करके कुछ फासले पर स्थित घर चले गया था। देर रात दो चोरों ने मुख्य मार्ग से लगे दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे नगदी 10 हजार रुपए के अलावा किराना सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह लगी जब संचालक दुकान पहुंचा तो देखा शटर का ताला टूटा और दुकान का सामान बिखरा हुआ है। दुकान में चोरी होने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। इसी बीच जब दुकान के समीप लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो देर रात दो युवक लाइट के उजाले में ताला तोड़ कर दुकान में दाखिल हुए और चोरी कर भागते नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चनवारीडांड के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना जन्मोत्सव

मनेन्द्रगढ़। श्री सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गौटियापारा चनवारीडांड़ में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। शाम को हनुमान मंदिर में महाआरती की गई। इसमें पूर्व विधायक गुलाब कमरो, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के बाद परिसर में भजनो की प्रस्तुति मनेन्द्रगढ़ के कलाकार नरोत्तम शर्मा, मुकेश गुप्ता, रामजी वैश्य, वेद पांडे, गौतम शर्मा, राजा देवानी, गौरव मिश्रा, श्रीमती प्रीति वैश्य द्वारा दी गई। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, जनपद सदस्य रविशंकर वैश्य, सरपंच सोनू सिंह उरांव, चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, प्रदीप जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, पार्षद अनिल प्रजापति, स्वप्निल सिन्हा,जमील शाह, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के संजय सेंगर, प्रबल स्त्री फाउंडेशन की डाक्टर रश्मि सोनकर , श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती गंगा ताम्रकार आदि शामिल रहे।

## पेज 1 के शेष...

### इन आरोपियों को किया...

चमार शामिल है। आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9. 39 (1) घ. 3 (क), (ख), (ग), 48 (क), 50, 51, 52 (भारतीय तेन्दूआ अनुसूची- भाग-1 के अनुसूची क्र.16-बी में अनुसूचित एवं संरक्षित वन्यप्राणी है।) के तहत आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### कन्हर नदी में जहरीला पदार्थ...

में जहरीला पदार्थ डाले जाने की घटना न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकती है। इस संबंध में रामानुजगंज के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर श्रीवास ने बताया कि नदी में जहरीला पदार्थ डाले जाने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके बाद पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से आह्वान किया है कि वे मृत मछलियों के सेवन से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को प्रदान करें।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का सरगुजा में समापन

# मल्लखंभ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छग की बालक-बालिका टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- महराष्ट्र की टीम रही द्वितीय, झारखण्ड तीसरे नंबर पर

सरगुजा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय मल्लखंभ का शुक्रवार को समापन किया गया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत आयोजित मल्लखंभ प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में इस बार छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना लोहा मनवाया। प्रदेश की महिला एवं पुरुष टीमों ने प्रथम स्थान हासिल करने के साथ हो गोल्ड मेडल हासिल किए।

बता दें कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत सरगुजा में भी कुश्ती दंगल और उसके बाद मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्तर की मल्लखंभ प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों से टीमें शामिल हुई। मलखंभ प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में टीम चैंपियनशिप (पोल एवं रोप मलखंभ), पिरामिड चैंपियनशिप तथा पुरुष एवं महिला वर्ग में पिरामिड, पोल एवं रोप मलखंभ शामिल हैं। टीम स्पर्धाओं में अधिकतम 6 खिलाड़ियों की भागीदारी निर्धारित की गई थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 अप्रैल को किया गया। पहले दिन की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 124.35 अंक के साथ प्रथम, महाराष्ट्र ने 118.35 के साथ द्वितीय व झारखंड ने 86.95 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया था। इसके साथ ही शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन किय गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने रोप मल्लखंभ, पोल मल्लखंभ, हैंगिंग मल्लखंभ, पिरामिड मल्लखंभ में एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर वहां मौजूद दर्शकों द्वारा तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता के बाद विजेता टीम घोषित किया गया। समापन के दौरान प्रतिस्पर्धा में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विजेता घोषित की गई। विजेता टीमों को शनिवार को आयोजित मेडल सेरेमनी में मेडल प्रदान किया जाएगा।



अतिथियों के साथ खिलाड़ी।





### इन टीमों ने हासिल किया मेडल

मल्लखंभ प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। राज्यों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत के लिए दमखम लगाया। छत्तीसगढ़ की टीम ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने 124.35 अंक के साथ गोल्ड, महाराष्ट्र की टीम ने 118.35 अंक के साथ सिल्वर एवं झारखण्ड की टीम ने 86.95 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं बलिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने 80.15 अंक के साथ गोल्ड, महाराष्ट्र की टीम ने 69.90 अंक के सिल्वर एवं झारखण्ड की टीम ने 49.80 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## शर्तिया इलाज का दावा कर अवैध क्लिनिक का हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कथित रूप से अवैध क्लिनिक संचालित होने और भोले-भाले ग्रामीणों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के आरोप सामने आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कुछ लोग चांदसी दवाखाना सहित विभिन्न नामों से क्लिनिक संचालित कर हाइड्रोसील, बवासीर, भगंदर समेत अन्य गुप्त रोगों के शर्तिया इलाज का दावा कर रहे हैं। उक्त दावा आयुर्वेद के आड़ में प्रशासन की कार्रवाई से बचने दिखावे के लिए किया जा रहा है। आरोप है कि इन क्लिनिकों का संचालन करने वाले कथित लोगों के पास न तो मान्य चिकित्सकीय डिग्री है और न ही दवाखाना संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब-जब प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जाता है, ये क्लिनिक संचालक अपने ठिकाने बंद कर फरार हो जाते हैं और कार्रवाई ठंडी पड़ते ही दोबारा सक्रिय हो जाते हैं। आरोप है कि इन क्लिनिक संचालकों ने गांव स्तर पर एजेंट नियुक्त कर रखे हैं, जो मरीज लाने पर कमीशन प्राप्त करते हैं। प्रचार-प्रसार के लिए पंपलेट बांटे जाते हैं, जिनमें "शर्तिया इलाज" की गारंटी दी जाती है। गौरतलब है कि सरकारी स्तर पर मुफ्त इलाज और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण लोग ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के झांसे में आ जाते हैं और आर्थिक नुकसान उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे अवैध क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में सूरजपुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने कहा कि इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही है। सीएमओ से इस संबंध में जल्द चर्चा कर कार्रवाई के लिए वे बात करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ऐसे क्लिनिक संचालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** पस्ता निवासी राम प्रसाद आ. छोटया (46 वर्ष) 2 अप्रैल की शाम शराब पीकर घर आया और कमरे में रखे कीटनाशक को पी लिया। इसी बीच कमरे में कीटनाशक की गंध आने पर बेटी अवन्तरा व पत्नी ने कमरे में आकर पूछताछ किया तो राम प्रसाद ने कहा कि दोनों से अंतिम बार बात कर रहा हूं जिसके बाद उसका शरीर अकड़ने लगा। परिजन तत्काल उसे बलरामपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन देर रात राम प्रसाद को लेकर मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## कलेक्टर ने लखनपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य व आम्बा केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से ही प्रसव कराने के निर्देश, समय पर सहायता राशि प्रदान करने कहा

कलेक्टर अजीत वसंत व जिपं सीईओ विनय अग्रवाल के साथ लखनपुर विकासखण्ड का दौरा किया। उन्होंने यहां विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सहित निर्माण कार्यों एवं अन्य संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



इस दौरान उन्होंने लखनपुर के दूरस्थ क्षेत्र कुन्नी में निर्माणाधीन नवीन आंगनबाड़ी केंद्र एवं महतारी सदन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति जानकारी ली तथा समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुंवरपुर स्थित सरगुजा छेरी बैंक का अवलोकन किया। यहां लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव एवं उनके अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने कुंवरपुर क्षेत्र में एलएससी केंद्र का निरीक्षण करते हुए संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत एफएमडी वैक्सीनेशन कार्य में संलग्न पशु सखियों एवं एनआरएलएम कैडरों से चर्चा की। उनके द्वारा संचालित जागरूकता गतिविधियों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहपटरा एवं कुन्नी पहुंचे। पीएचसी लहपटरा में बताया गया कि प्रतिमाह लगभग 15 प्रसव हो जाते हैं, इस माह 5 प्रसव हुए हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से ही प्रसव करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां फार्मासिस्ट के रिक्त पद को भरने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 100 दिवस टीबी मुक्त अभियान की जानकारी ली गई एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को पूरे ग्राम पंचायत में अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां टीबी मरीजों से मुलाकात पोषण किट का वितरण किया। पीएचसी कुन्नी में कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव में महिलाओं को प्रदान किए जाने वाली 1400 रुपए की सहायता राशि समय पर दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। उन्होंने कहा कि बैंक खाते के कारण लंबित प्रकरणों के लिए सम्बंधित का खाता खुलवाया जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव की जानकारी ली तथा प्रतिमाह औसत 10 प्रसव प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मरीजों को मच्छरदानी लगाने कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने हायर सेकेंडरी स्कूल कुन्नी में विद्यालय परिसर, कक्षाओं सहित शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कुन्नी खास में बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषण आहार वितरण तथा कुपोषण मुक्त अभियान अंतर्गत दिए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया एवं पोषण ट्रैकर में ऑनलाइन एंट्री की स्थिति की समीक्षा की।

## रेलवे स्टेशन गुड शेड में लगे कॉपर केबल की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- आरोपी युवक गिरफ्तार, ट्रक को किया जब्त



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिश्रामपुर स्टेशन के नए गुड शेड की चार नंबर लाइन में लगे सिग्नल केबल चोरी के मामले को आरपीएफ ने तत्परता से सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुहेल अंसारी (21 वर्ष), निवासी नवागढ़, अंबिकापुर के रूप में हुई है, जो ट्रक का क्लीनर है। उसे गुरुवार को रेलवे के स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व बिश्रामपुर स्टेशन के नवीन गुड शेड की चार नंबर लाइन में ट्रेनों के संचालन के लिए लगाए गए तांबेयुक्त सिक्स-कोर केबल को अज्ञात चोरों ने काट कर पार कर दिया था। इस घटना के चलते उक्त लाइन का सिग्नल सिस्टम ठप्प हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। आरपीएफ की टीम ने गुड शेड क्षेत्र में हाल ही में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आसपास सघन तलाशी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान गुड शेड में खड़े एक ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 4795 के डाले में कटा हुआ केबल तिरपाल से ढका हुआ मिला।आरपीएफ ने ट्रक मालिक निहाल अहमद (निवासी पर्राडांड, अंबिकापुर) को बुलाकर पूछताछ की। बताया गया कि ट्रक चालक वाहन खड़ा कर घर चला गया था। इसके बाद क्लीनर सुहेल अंसारी से पूछताछ की गई, जिसने केबल काटकर ट्रक में छिपाने की बात स्वीकार कर ली।आरपीएफ ने आरोपी को रेलवे अधिनियम की धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।कार्यवाही में आरपीएफ पोस्ट अंबिकापुर प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिंज और उनकी पूरी टीम सक्रिय रही।घटना में शामिल ट्रक और केबल को भी आरपीएफ ने अपने कब्जे में लिया है।



## परसा और नवानगर मंडल प्रशिक्षण महाभियान में कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

**अंबिकापुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल परसा और नवानगर के संयुक्त प्रशिक्षण सत्र का समापन अग्रसेन भवन में किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता अग्रवाल सभा सरगुजा के जिला अध्यक्ष संजय मित्तल ने की, जबकि विषय वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि आज के युग में कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण अनिवार्य है, क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत क्षमता बढ़ाता है बल्कि संगठन को मजबूत और अनुशासित बनाता है। प्रशिक्षण के बिना कार्यकर्ता केवल संख्या मात्र रह जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनाकर हम एकात्म मानववाद की दिशा में अग्रसर होंगे, जो हमें अन्य दलों से अलग करता है। अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि देश की कोई अन्य राजनीतिक पार्टी इस पैमाने पर व्यवस्थित प्रशिक्षण नहीं चलाती। यही कारण है कि भाजपा के अनुशासित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन को अद्वितीय ऊंचाइयों पर ले जाते हैं।

इस अवसर पर विषय वक्ता और सत्र अध्यक्षों को शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, नवानगर मंडल अध्यक्ष बाली चरण यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रावास में चलाया कानूनी जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती अंजलि पाण्डेय ने की। उन्होंने छात्रों को अत्यंत सरल एवं बोधगम्य भाषा में विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपराध की गंभीरता एवं न्यायालयीन प्रक्रिया समझाई। उन्होंने दो छोटे बच्चों को पास बुलाकर गुड टच-बैड टच की अवधारणा को व्यावहारिक उदाहरणों से सरलता से समझाया। आईटी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए न्यायाधीश ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर ठगी, बैंक केवाईसी के नाम पर धोखाधड़ी, परिजनों की दुर्घटना का भय दिखाकर ठगी तथा अनजान महिलाओं से वीडियो कॉल पर बात कर ब्लैकमेल जैसे साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर ठग डर और लालच के आधार पर ही ठगी करते हैं, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी कोई घटना होने पर तत्काल माता-पिता, शिक्षक या पुलिस थाने को सूचित करने की



सलाह दी गई। न्यायाधीश ने मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत वाहन पंजीयन, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस जैसे आवश्यक दस्तावेजों के महत्व पर प्रकाश डाला। नाबालिग द्वारा वाहन चलाने तथा आवश्यक कागजात के अभाव में दुर्घटना की स्थिति में होने वाले कानूनी परिणामों की भी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त चोरी के वाहन खरीदने-बेचने पर लागू दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक रामज्ञान सिंह, भुवनेश्वर सिंह तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स सत्य नारायण, उमेश कुमार रजवाड़े, चिरंजीव लाल रजवाड़े एवं सद्दाम हुसैन उपस्थित रहे।

